(दिल्ली राजपत्र भाग–IV असाधारण में प्रकाशनार्थ)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
भूमि एवं भवन विभाग
विकास भवन, आई0पी0 एस्टेट, नई दिल्ली
( भूमि अधिग्रहण शाखा)

## अधिसूचना

....14... **नवंबर, 2023**

**सं0फा0 8(1)/2016/भूमि एवं भवन/भूमि अधिग्रहण/** 7111 गृह मंत्रालय, भारत सरकार की दिनांक 21 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं0 एस0ओ0 2740 (ई) एवं दिनांक 21 जुलाई, 2015 की अधिसूचना एस0ओ0 2004 (ई) के साथ पठित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनःस्थापन (सामाजिक प्रभाव, आंकलन तथा अनुज्ञा) में उचित प्रतिपूर्ति एवं पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2014 के नियम 4 के उप–नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल एतद् द्वारा सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु दिल्ली पुलिस द्वारा सभापुर गांव, शाहदरा की राजस्व संपदा में पुलिस स्टेशन सोनिया विहार, दिल्ली के निमार्ण हेतु अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के संबंध में दिनांक 13 जून, 2017 की अधिसूचना फा0सं0 8/2/9/2015/भूमि एवं भवन/भूमि अधिग्रहण/2373 के द्वारा चिन्हित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली–110002 को सामाजिक प्रभाव आंकलन का अध्ययन करने तथा सामाजिक प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन तैयार करने के लिए सामाजिक प्रभाव आंकलन इकाई के रूप में निर्दिष्ट करते हैं।

यह भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली–110002 भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनःस्थापन में उचित प्रतिपूर्ति एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से छह माह की अवधि के भीतर सामाजिक प्रभाव आंकलन का अध्ययन करेगा।

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल**
**के आदेश से तथा उनके नाम पर,**

**( अशोक कुमार यादव )**
**उप–सचिव (भूमि एवं भवन)**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**

सं0फा0. 8(1)/2016/भूमि एवं भवन/भूमि अधिग्रहण/7111—22 14 नवंबर, 2023

प्रतिलिपि निम्न को अग्रसारितः–

1. प्रमुख सचिव, उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, राजनिवास, दिल्ली।
2. विशेष कार्याधिकारी, मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–110002
3. सामान्य प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को (प्रतिलिपि में ) दिल्ली राजपत्र में प्रकाशनार्थ।
4. अनुभाग अधिकारी अपर मुख्य सचिव (भूमि एव भवन) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार विकास भवन, नई दिल्ली –110002
5. नि0 स0, मंडलीय आयुक्त/अपर मुख्य सचिव, राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, 5, शामनाथ मार्ग, नई दिल्ली-110054
6. जिला मजिस्ट्रेट (मुख्यालय–1), , राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, 5, शामनाथ मार्ग, नई दिल्ली।
7. जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर–पूर्व), जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय(उत्तर–पूर्व), डी.सी ऑफिस कॉम्पलैक्स, नंद नगरी, दिल्ली–110093
8. पुलिस उपायुक्त, (भूमि एवं भवन, पुलिस मुख्यालय), पुलिस मुख्यालय, जयसिंह रोड, नई दिल्ली–110001
9. प्रो0 के0के0 पाण्डेय, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली–110002
10. अपर जिला मजिस्ट्रेट (उत्तर- पूर्व ), जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (उत्तर- पूर्व ) डी.सी ऑफिस कॉम्पलैक्स, नंद नगरी, दिल्ली–110093
11- प्रणाली विश्लेषक, (भूमि एवं भवन) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार विकास भवन, नई दिल्ली –110002 को अनुरोध के साथ कि अधिसूचना विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें

(अशोक कुमार यादव)
उप–सचिव (भूमि एवं भवन)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार